षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-09 सोमवार, दिनांक-12 मार्च, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.24 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 17 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1002 स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरित ।

(iii) 08 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 28 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-

माननीय सदस्य श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव, श्री समीर कुमार महासेठ एवं श्री मो० नेमतुल्लाह द्वारा दिए गए कार्य स्थगन सूचना को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i) श्री समीर कुमार महासेठ

(ii) श्री मो० नेमतुल्लाह

(iii) डा० विनोद कुमार यादव

(iv) श्री अमीत कुमार

(v) श्री ललन पासवान

(vi) श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव

(vii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(viii) श्री आलोक कुमार मेहता

(ix) श्री तार किशोर प्रसाद

(x) श्री (डा०) राजेश कुमार

[4] ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्री रामनारायण मंडल द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री संजीव चौरसिया एवं अन्य का सभासदों का कृषि / आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री संजीव चौरसिया द्वारा पढ़ा गया एवं कृषि विभाग में स्थानान्तरित होने के कारण ध्यानाकर्षण सूचना स्थगित हुआ ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.04 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] वित्तीय कार्य :-

वित्तीय वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-04 (पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री रामदेव राय द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री मो० इलियास हुसैन ने आसन ग्रहण किया)

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री ललित कुमार यादव
(ii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(iii) श्री रामप्रीत पासवान
(iv) श्री विजय प्रकाश
(v) श्री लक्ष्मेश्वर राय
(vi) श्री मो० नवाज आलम
(vii) श्री राजू तिवारी
(viii) श्री ललन पासवान
(ix) श्री सिद्धार्थ
(x) श्री दिनकर राम
(xi) श्री महबूब आलम
(xii) श्री प्रहलाद यादव
(xiii) श्री तारकिशोर पसाद

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiv) श्री जिवेश कुमार

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री रामदेव राय का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[6] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 21 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-13 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-12.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।